संक्षिप्त

साइबर ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार

बौंली-बामनवास। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर शील्ड ऑपरेशन अभियान के तहत बौंली थाना प्रभारी राधा रमण गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक रूप सिंह, हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी, कांस्टेबल मुकेश कुमार, शीशराम व संदीप बुरडक ने मुखबिर की सूचना पर हेमराज सैनी उम्र 20 वर्ष, विकास सैनी उम्र 24 वर्ष, दिनेश सैनी उम्र 24 वर्ष निवासी बागडौली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच मोबाइल, चार चेकबुक, तीन एटीएम कार्ड, दो बैंक डायरियां एवं 10हजार नगद व अन्य सामग्री बरामद की है। प्रथम दृष्टिया दोराने अनुसंधान में आरोपियों द्वारा उपयोग में लिए जा रहे बैंक से करीब 30 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन मिला है। आरोपियों के खिलाफ बौंली पुलिस थाने में धारा 319(2)318(4)61(2) (बी) बीएनएस 13 आरपीजीओ व 66सी 66 डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है आरोपियों के अन्य खातों की जानकारी करना शेष है।

शीत लहर से कांप उठे लोग

निवाई। एक सप्ताह से छा रहे घने कोहरे व शीत लहर से लोग कंपकपा उठे हैं। शीत लहर व कोहरे से तापमान में गिरावट आ गई और तेज ठंड बढ़ गई। दिनभर आकाश में काले बादल छाए रहने व कोहरा होने से सूर्य देव के भी कभी-कभी दर्शन हुए जिससे लोगों ने राहत महसूस की। लगातार शीत लहर के चलते तेज ठंड से लोग कांप उठे। ठंड से बचाव के लिए कई जगह पर लोग अलाव जलाकर तापते हुए नजर आए। वहीं दिनभर लोग गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। जिसके चलते बाजारों में सन्नाटा रहा। ग्राहक नहीं होने व तेज ठण्ड के चलते शाम होने से पहले ही दुकानों को बंद करके दुकानदार घर चले जाते है।

ऊनी कंबल बांटे

निवाई। टीबी मुक्त अभियान के तहत सिकोईडिकोन संस्था द्वारा निक्षय मित्र बनकर 40 टीबी रोगियों को कंबल वितरित किए गए। कायक्रम में ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर विष्णुकान्त खंगार ने टीबी के लक्षणों तथा उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने बताया कि यह पहल रोगियों को सहायता प्रदान करने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई है। संस्था का यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मदनलाल शर्मा, शाखा प्रभारी अनीता शर्मा, ममता शर्मा, अर्जुन, हेमराज, डॉ राजेश जैन, डॉ ओझा, नर्सिंग ऑफिसर महेंद्र जैन व जयदीप सिंह उपस्थित रहे।

वक्फ सम्पति में हाफिज लुकमान बने उपाध्यक्ष

मनोहरपुर । वक़्फ़ सम्पत्ति बचाओ विंग (इकाई) धरती पुत्र राजस्थान के संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष डॉ शब्बीर ख़ान (सरकार) एवं संस्था के संरक्षक ऐडवोकेट असगर खान के निर्देयशानुसार प्रदेश महामंत्री मो. असलम खान और रियाज़ मोहम्मद ने हाफिज लुकमान पुत्र जनाब इशाक को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया जाता हैं एवं कौम की खिदमतगार के रुप कार्य करने का काम करते रहेंगे आप को जिम्मेदारी दी गई है।

पौषबड़ा पंगत प्रसादी 19 को

फुलेरा । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के दयाल नगर बड़ की ढाणी स्थित श्री कृष्ण गोपाल गौशाला परिसर में रविवार 19 जनवरी को सत्संग और पौष बड़ा पंगत प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के ज्ञान प्रकाश कुमावत ने बताया कि रविवार 19 जनवरी को प्रातः 9:15 बजे से विशाल सत्संग का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात सायं 3:15 बजे से 7:15 बजे तक पौषबड़ा पंगत प्रसादी का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर समिति पदाधिकारी और स्थानीय प्रबुद्धजन तैयारियों को मूर्त रूप देने में जुटे हुए है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पौधारोपण संकल्प के एक साल पूरा होने पर वन मंत्री ने लगाए पौधें

- पौधारोपण के संकल्प में सहयोग करने वाले समस्त नागरिकों व वन विभाग का मंत्री ने जताया आभार व मुहिम को निरंतर आगे जारी रखने की अपील

अलवर । पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने प्रतिदिन पौधारोपण करने के अपने संकल्प के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को अलवर के मूंगस्का स्थित वन विभाग की नर्सरी में एनजीओ, समर्थकों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन की सहभागिता से 366 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि आज के दिन ही 17 जनवरी 2024 को विधिवत रूप से वन मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण के आ ान से प्रेरित होकर प्रतिदिन पौधारोपण करने का संकल्प लिया था जिसके एक वर्ष पूर्ण होने पर वन विभाग एवं समर्थकों के साथ यहां 366 पौधे लगाए गए हैं।

वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा प्रतिदिन पौधारोपण संकल्प के एक साल पूरा होने पर अलवर मे पौधारोपण करते हुए।

इसी के साथ आज वन विभाग के सभी 450 रेंजर कार्यालयों में भी पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण व सांस्कृतिक परम्परा को आगे बढाने के सामन्जस्य रूप अभियान एक पेड मां के नाम अभियान तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 7 करोड से अधिक पौधे लगाने के संकल्प में आमजन को सहभागी बनने का आ ान किया।

मंत्री शर्मा ने एक वर्ष के दौरान निरन्तर पौधे लगाने के संकल्प में सहभागिता निभाने वाले सभी समर्थकों, कार्यकर्ताओं एवं वन विभाग को आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान अस्वस्थ होने पर भी परिजनों व समर्थकों ने इसे अनवरत जारी रखा। उन्होंने कहा कि शहर के नागरिकों के साथ-साथ प्रदेशभर में आमजन ने लगातार इस मुहिम में सहयोग दिया। उन्होंने इस मुहिम को निरन्तर जारी रखने के लिए भी आ ान किया।

उन्होंने कहा कि अलवर जिले में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जिले के चहुंमुखी विकास के लिए विगत एक वर्ष के दौरान डबल इंजन की सरकार ने अभूतपूर्व विकास कार्य कराए हैं जिस कडी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पहले ही बजट में जिले व शहर के लिए ऐतिहासिक घोषणाएं की जो धरातल पर तेजी से मूर्त रूप ले रही है।

उन्होंने कहा कि अलवर शहर की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए सिलीसेढ झील के पास से पेयजल योजना से शहर में पानी लाने कार्य तेजी से चल रहा है। इसी प्रकार नटनी का बारा से जयसमंद तक पक्की कैनाल बनाने, भाखेडा में एनीकट बनाने, उत्तर भारत का सबसे बडा चिडिया घर बायोलॉजिकल पार्क के रूप में शहर में तैयार हो रहा है।

सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

गोविंदगढ़ /अलवर । राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में दिनांक 17 जनवरी 2025 से प्राचार्य प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा के निर्देशन में एनएसएस ईकाई प्रथम और द्वितीय के संयुक्त तत्वधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सरस्वती प्रतिमा के समुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। एनएसएस स्वयं सेवकों ने सरस्वती वंदना और एनएसएस लक्ष्य गीत गाया गया। एनएसएस यूनिट प्रथम अधिकारी श्री प्रदीप कुमार महोलिया और यूनिट सेकेंड के अधिकारी मिस मोनिका ने कार्यक्रम का भार संभाला। स्वयं सेवकों ने श्रम दान कर कॉलेज गार्डन की साफ सफ़ाई करी। पांच अलग - अलग दल बनाए गए जो रोज नाश्ता और भोजन की व्यवस्था देखेंगे। उसके बाद टास्क गेम और म्यूजिकल चेयर आयोजित किया गया जिसमे विदार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंत मे भोजन के साथ कैंप का समापन किया गया।

ग्रामीणों नें जे. डी. ए. अधिकरी व जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

मानपुरा माचेडी। जयपुर विकास प्राधिकरण जेडीए द्वारा ग्राम श्री गोविन्दपुरा पटवार हल्का बिलौची तह. आमेर खसरा नं. 356 व 357 एवं पटवार हल्का बिलौंची तह. आमेर के खसरा नं. 929, 930, 940 में भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति/सुझाव दर्ज करवाने के बाबत अतिरिक्त आयुक्त एलपीसी जयपुर विकास प्राधिकरण की और से विज्ञिप्त दिनांक 07.01.2025 के संबंध जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा एस. एस. एनवायरोकेयर प्रा. लि. कम्पनी को स्लज निस्तारण हेतु 4. हैक्टे. (लगभग 40, 000 वर्ग मीटर) ग्राम श्री गोविन्दपुरा पटवार हल्का बिलौची तह. आमेर खसरा नं. 356 व 357 एवं पटवार हल्का बिलौंची तह. आमेर के खसरा नं. 929, 930, 940 में भूमि आवंटन की जानी विचारधीन है। जिसके सम्बन्ध में 15 दिवस में आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे। ग्रामीणों को जैसे ही जमीन आवंटन होने के संबंध में जारी विज्ञिप्त के माध्यम से सूचना मिली तो ग्रामीणों ने कड़ा विरोध प्रकट किया।

बिलोंची श्री गोविन्दपुरा में जमीन आवंटन नहीं करने के विरोध में ग्राम बिलोंची सरपंच मामराज गुर्जर घटवाड़ा सरपंच रीना रामस्वरूप मीना के साथ दो दर्जन ग्रामीणों का प्रतिनिधिमण्डल शुक्रवार को आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण, अतिरिक्त आयुक्त एलपीसी उपायुक्त जोन 13 जयपुर जिला कलेक्टर डॉ जितेन्द्र सोनी व आमेर विधायक प्रशांत शर्मा को ज्ञापन देकर जेडीए द्वारा कचरा डिपो स्लग निस्तारण हेतु आवंटित होने वाली जमीन का आवंटन नहीं करने की मांग की। प्रभावित होंगा प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रामरुनीजा धाम और राधे रानी गौशाला गौरतलब हैं कि जेडीए द्वारा जहां पर कचरा डिपो स्लग निस्तारण हेतु जमीन आवंटित होने है उस जमीन से मात्र 150-200मीटर की दुरी पर स्थित ग्राम बिलोंची सहित आसपास के दो दर्जनभर गांव के प्रसिद्ध धार्मिक आस्था केन्द्र श्रीराम रूणीजा धाम मंदिर स्थित है यहॉ प्रतिदिन हजारो लोगो की आवाजाही रहती है। यहॉ प्राचीन सिद्ध सन्त महाराज का धुणा है माता वैष्णों देवी मंदिर है । यहां निरन्तर सन्त महंतो का आवागमन रहता है। वर्तमान में राम रुनीजा धाम में सौ से अधिक साधु प्रतिदिन यहां पूजा अर्चना और अपना ध्यान करते है। वही 100 मीटर दुरी पर ही श्री राधेरानी गौ शाला संचालित है। जिसमें दो हजार से अधिक गौ मात वर्तमान में अभी हैं निवास कर रही है। 200मीटर दुरी पर है बीएसएफ आवासीय कैम्प आवंटित होने वाली जमीन से 200मीटर दुरी पर ही बीएसएफ सीमा सुरक्षा विहार का आवासीय कैम्प स्थित है।

जहां हजारों जवान अपने परिवार सहित निवास कर रहे है आसपास में आबादी भूमि व ग्रामीण निवास कर रहे है ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय खेती है जिससे माध्यम से ग्रामीण अपना जीवन यापन कर रहे है। कचरा पलांट स्लग निस्तारण हेतु जमीन आवंटन होने से यहां के आमजन प्रभावित होंगे तथा आसपास का गंभीर बीमारियों के फैलने का डर है जबकी आमेर विधानसभा में पहले से सेवापुरा कचरा डिपो संचालित है। ग्रामीणों ने जमीन आवंटन नहीं करने को लेकरआरपार की लड़ाई लड़ने का आव्हान किया।

जल जीवन मिशन ग्रामीण जल योजना के तहत कार्यों का लोकार्पण

- 5 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से हुआ कार्य, ग्रामीण होंगे लाभान्वित

पावटा। पंचायत समिति पावटा की की ग्राम पंचायत भूरी भडाज में पंप हाउस के पास गुरुवार को करीब 5 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत राशि से नवनिर्मित जल जीवन मिशन ग्रामीण जल योजना के तहत बारह ट्यूबवेल, तीन टंकी, एक स्वच्छ जलाशय मय पंप हाउस व विभिन्न प्रकार की पाइप लाइनों को डालने के कार्य का जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह व कोटपुतली विधानसभा क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, पंचायत समिति सदस्य सुमन स्वामी, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, बुचारा सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुर्जर, दांतील सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सांखला, खेलना सरपंच राजकुमार, रामपुरा डेलीगेट नरेंद्र गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि धर्मपाल गुर्जर, राजेन्द्र मीणा, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, सत्तार खान, दीप सिंह, उपसरपंच कैलाश गुर्जर के विशिष्ट आतिथ्य व ग्राम पंचायत भूरी भडाज सरपंच कैलाश चंद स्वामी की अध्यक्षता में विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ लोकार्पण हुआ।

इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना में 5 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से 12 नलकूप, 3 उच्च जलाशय, 1 स्वच्छ जलाशय मय पंप हाऊस व विभिन्न आकार प्रकार की पाइपलाइन डालने के कार्य का लोकार्पण हुआ है।

जल की सुलभ तरीके से उपलब्धता और आपूर्ति सुनिश्चित करने की यह सबसे बडी योजना है। अब महिलाओं को घर के बाहर से पानी लाने की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमने वह दौर देखा है जब माँ एवं बहने पानी के लिए हैण्डपंप में कतार लगाकर खड़ी रहती थी अब उन्हें इस समस्या से छूटकारा मिलेगा और उनके घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पानी पहुंचेगा। इस दौरान 7 लाख से निर्मित दो कमरों व विधायक कोष से 10 लाख से निर्मित इंटरलोक सड़क का लोकार्पण भी किया गया।

साधारण सभा की बैठक हुई

दूदू। पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को साधारण सभा की बैठक पंचायत समिति प्रधान रवि चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों के प्लान की स्वीकृतियां दी जाकर 18 ग्राम पंचायतों मैं विकास कार्यों पर चर्चा की गई तथा बैठक में अनुपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु प्रस्ताव लिया जाकर जिला कलेक्टर को भेजने का निर्णय लिया।

बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया पश्चात सहायक विकास अधिकारी श्याम सुंदर कुमावत द्वारा गत कार्रवाई को पढ़कर सदन को सुनाया गया पश्चात लेखा अधिकारी बाबूलाल वर्मा द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव पर 13 करोड़ 29 लख रुपए की राशि व पंचायत समिति से 2 करोड़ 65 लाख का अनुमोदन कराया गया बैठक में सरपंचों जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य द्वारा अपने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया तथा बताया कि क्षेत्र में नरेगा कार्य बंद पड़े हैं को चालू कराया जाए वही डेढ़ साल से मेटो को कोई भुगतान नहीं किए जाने की बात उप प्रधान कैलाश जाट ने बताई।

राष्ट्रीय पर्व पर विद्यार्थियों को मिठाई वितरण की परंपरा बंद

- वर्ष 1991 से लगातार 26 जनवरी और 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व के मौके पर सभी निजी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मिठाई वितरण किए जाने की परंपरा चली आ रही है

सांभरझील, (निसं)। सांभर शहर में वर्ष 1991 से लगातार 26 जनवरी और 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व के मौके पर सभी निजी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मिठाई वितरण किए जाने की परंपरा चली आ रही है, लेकिन विगत दो दफा से इस व्यवस्था को पालिका प्रशासन की ओर से बिना किसी समुचित कारण के बंद कर दिया है।

सूत्र बताते हैं कि इस संदर्भ में कुछ लोगों का मानना है कि सरकारी स्कूलों को मिठाई वितरण करना तो ठीक है लेकिन प्राइवेट स्कूलों को मिठाई वितरण करना इसलिए सही नहीं है कि वे शिक्षण व्यवसाय से धन अर्जित करते हैं और सक्षम है। नगर पालिका पर बेवजह ही आर्थिक बोझ पड़ता है, तो दूसरी ओर इसके समर्थक लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय महत्व जैसे प्रोग्राम में भेदभाव उचित नहीं है, यह सभी बच्चे हमारे ही गांव के हैं। मिठाई वितरण बंद करने का तर्क पालिका प्रशासन के सामने यह सुझाव किसने रखा यह तो कोई साफ तौर पर बताने के लिए तैयार नहीं है लेकिन इस बात की चर्चा पहले भी कई दफा चल चुकी है। बता दें कि उपखंड अधिकारी के निर्देश पर इस व्यवस्था को लागू किया गया था और तभी से उपखंड अधिकारी जब भी राष्ट्रीय पर्व के संदर्भ में बैठक आयोजित करते हैं तो पुराने एजेंडे के आधार पर यह व्यवस्था एजिटीज रखी जाती है। इस संदर्भ में पार्षद अभिलाष तंबोलिया, पार्षद मुकेश मौर्य की तरफ से अधिशाषी अधिकारी छगनलाल यादव को पत्र लिखकर राष्ट्रीय पर्व के मौके पर चली आ रही मिठाई वितरण की परंपरा को यथावत रखने का अनुरोध किया है। इस मामले में राष्ट्रदूत की ओर से अधिशाषी अधिकारी यादव से फोन कर जानकारी चाही गई लेकिन दो दफा घंटी जाने के बावजूद उन्होंने फोन नहीं उठाया।

'कार्यकर्ताओं को साथ लेकर क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी निभायेंगे'

- भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात उत्तर संगठन पर्व में मंडल अध्यक्षों की सूची की जारी, वीरेंद्र राठी पावटा बालाजी व विकास सिंह शेखावत बने प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष

पावटा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। प्रदेश संगठन और कमेटी के निर्णय अनुसार संगठन पर्व के निर्देशानुसार नगर मंडल अध्यक्षों की सर्वसम्मति निर्वाचन के पश्चात घोषणा की गई है। जारी सूची के अनुसार भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात उत्तर संगठन पर्व में वीरेंद्र राठी को पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष व विकास सिंह शेखावत को प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष, प्रमोद सैनी को त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष एवं महेश कुमार यादव को बाणगंगा मंडल अध्यक्ष, विकास शर्मा को विराटनगर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

वहीं विराट नगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात उत्तर संगठन पर्व में मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी नव-निर्वाचित अध्यक्षों को बधाई और शुभकामनाए देते हुए कहा कि आपका नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाए व बधाई दी गई। मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र व विकास सिंह शेखावत, प्रमोद सैनी, महेश कुमार यादव, विकास शर्मा ने नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने पर जो जिम्मेदारी दी उसे पूरे प्रण प्राण से पूरा करने का प्रयास करेंगे।कार्यकर्ताओं के सम्मान में किसी तरह की की नही होगी। संगठन को आश्वस्त करते है कि जिस आशा और विश्वास से उन्होंने यह दायित्व हमें दिया है उसे पूरी निष्ठा से पूरा करेंगे।बताया कि वह अपने कार्यकारिणी के साथ पार्टी के संविधान की पालना करेंगे और उनका प्रयास रहेगा की सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी निभायेंगे। वहीं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी का जगह जगह स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान दिलीप हुसडा, विकास पुजारी, नीरज सैन, रिंकू राठी, नरेंद्र हुसडा, अक्षय सिंह, विकास शर्मा, मोहन लाल सैनी, गजानंद टीलावत, ओमप्रकाश स्वामी, विनय गोयल, डॉ. अशोक गिठाला, दिनेश राठी, निखिल शर्मा, मीनू जाट, मोहन गौड सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी का स्वागत किया ।

चौथ माता मेले में भीड़ उमड़ी

बौंली-बामनवास। राजस्थान के प्रसिद्ध मेलों में शुमार सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा की पहाड़ी पर स्थित चौथ माता के मंदिर पर लगने वाले तीन दिवसीय मेले में मुख्य दिन 17 जनवरी शुक्रवार संकट चतुर्थी के दिन श्रद्धालुओं की अपार भीड उमड पड़ी। चौथ माता की आस्था को लेकर दूर दराज से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से आए महिला, पुरुष व बालक, बालिकाओं से चौथ माता का दरबार खचाखच भरा नजर आया।

विशेष शीत लहर व वर्षा होने के बावजूद भी यहां पर मेला पूरे परवान पर नजर आ रहा है। सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने 17 जनवरी संकट चतुर्थी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। यह तीन दिवसीय मेला 16 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजित होता है वैसे तो यह मेला 5 से 7 दिवस तक लगता रहता है लेकिन मुख्य मेला सिर्फ यह तीन दिन ही रहता है इन तीन दिवस के अंदर भी संकट चौथ का विशेष महत्व होता है शुक्रवार को संकट चौथ के अवसर पर चौथ माता की फूल बंगला झांकी सजाकर विशेष श्रृंगार किया गया इस दौरान चौथ माता को ढाई किलो सोने का मुकुट एवं नौलखा हार भी पहनाया गया।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल सलीम कुरैशी पुत्र मुंशी कुरैशी नि0- जे-70, कुरैशी कॉलोनी, खेतडी हाउस रोड, चांदपोल बाहर, जयपुर, के पुत्र हसीन कुरैशी एवं वसीम कुरैशी तथा उनकी पत्नियां मेरे मुवक्किल के कहे में नही है और मेरे मुवक्किल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उनके दोनों पुत्रो व दोनों बहुए छोटी-छोटी बातो को लेकर गाली गलोच व झगड़ा करते है तथा जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने दोनों पुत्रो व पुत्रवधुओ को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है और मेरे मुवक्किल के पुत्र व बहु से सभी संबंध समाप्त कर दिये है, जो कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किल के दोनों पुत्रो व बहुओ जरीना व परवीन से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।
दिनांक 17.01.2025 (हमरान अहमद) एडवोकेट मो.न.-7877107041

WANTED
Suitable vendor required for establishment and running of Food Court for welfare of troops at Sapta Shakti Auditorium, Jaipur Military Station. Last date of apply: 27 Jan 2025. Email: ssa.cantt@gmail.com Contact-6006124197, 8669183130

नोटिस बनाम हरखास आम
श्रीमान जिला न्यायाधीश, करौली
शकुन्तला बनाम हरखास आम
प्रार्थना पत्र बाबित उत्तराधिकार प्रमाण पत्र
अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधि. मुकदमा नम्बर C.M. 01/25
हर खास आम को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नि स्व. कल्याण प्रसाद गुप्ता, गोविन्द प्रसाद, महेश चंद, सुनील कुमार अनिल कुमार पुत्रान स्व. कल्याण प्रसाद निवासीयान बारीयों की गली करौली जिला करौली ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि उनके पति/पिता स्व. कल्याण प्रसाद गुप्ता की मृत्यु दिनांक 15.02.2013 को हो चुकी है जिसके पोस्ट आफिस करौली सिति बचत खाता में 900833 रूपया एवं टाईम डिपोजिट बचत खाता में 30,000 रूपया जमा है। जिस जमासुदा समस्त राशि का प्रार्थीगण स्व. कल्याण प्रसाद के उत्तराधिकारी होने से उतराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधिकारी है। जिस आवेदन पर किसी शख्स को ऐतराज हो तो वह दिनांक 28.01.2025 को स्वंय या अभिभाषक द्वारा न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर जबाबदेही कर सकता है। आज दिनांक 16.1.2025 को जारी किया गया।
आज्ञा से
(मुहर) **मुंशरिम**
जिला न्यायालय करौली

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम सादिया से बदलकर सादिया कुरैशी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सादिया कुरैशी पुत्री जमीरूद्दीन निवासी 1410, कमेला गली मोहल्ला, एमडी रोड, जयपुर के नाम से जाना जाये।

मेरी दसवीं की मार्कशीट में त्रुटिवश मेरा नाम राजेंद्र कुमार पारीक दर्ज हो गया जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राजेंद्र कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद पारीक दर्ज है अतः भविष्य मुझे राजेंद्र कुमार पुत्र श्री महावीर प्रसाद पारीक के नाम से जाना जावे।पता प्लॉट नंबर 39, मुखाया चौक, बहादुरपुरा, खंडेला, सीकर, राजस्थान

मेरा नाम गुड्डी देवी पुत्री श्री सोहनलाल है मेरे पेन कार्ड नं. BIRPG9203K में मेरा नाम गुड्डी देवी W/o सूरज दर्ज है जो गलत है। भविष्य में मुझे गुड्डी देवी पुत्री श्री सोहनलाल के नाम से जाना जायेगा निवासी-झालाना कच्ची बस्ती केलगिरी अस्पताल के पास जगतपुरा रोड मालवीय नगर जयपुर।

I have changed my name Harish Malhotra from Harish Chandra Malhotra. In future I will be known Harish Malhotra S/o Kawal Ram Malhotra R/o 52, Mangal Vihar, Gopalpura Bypass, Jaipur 302018

I Asha Mundra D/o Suresh Chandra Mundra and W/o Ajay Kabra R/o 259, Rajendra Marg, Ward No-22, Bhilwara, Rajesthan - 311001, have changed my name to Asha Kabra

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य मोहम्मद आरिफ पुत्र श्री मुन्नी लुहार निवासी- प्लाट नं.02 कृष्णा नगर झोटवाड़ा जयपुर का है जो प्लाट नम्बर 2 कृष्णा नगर झोटवाड़ा जयपुर के संबंध में न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट पश्चिम जयपुर द्वितीय में प्रकरण संख्या 233/2024 उनवानी बिस्मिल्ला बनाम मुन्नी खा व अन्य मे माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 22.08.2024 को उपरोक्त वादग्रस्त सम्पत्ति के संबंध में मौके एंव रिकार्ड की यथास्थिति (स्टे) आदेश पारित कर रखा है उक्त सम्पति को कुछ भू-माफिया लोग फर्जी दस्तावेज़ात के आधार पर बैचान करने पर आमादा है इस लिए कोई भी व्यक्ति उक्त सम्पत्ति को क्रय-विक्रय नही करे अन्यथा उसके द्वारा किया गया संव्यवहार शून्य एंव अमान्य माना जायेगा। समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वंय की होगी ।
जयपुर (ताज मोहम्मद खान) एडवोकेट
दिनांक-17.01.2025 मो.-9828554625

आम सूचना मेरे अभिभाष्य मोहनलाल पुत्र खूबचंद, निवासी 785-बी, सिन्धी कालोनी, राजापार्क, जयपुर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि योगेश कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी मकान नं. 1-1092, मालवीय नगर जयपुर को मेरे अभिभाष्य मोहनलाल द्वारा अपनी सम्पत्तियों व परिवार से वर्ष 2012 में बेदखल किया जा चुका है। योगेश कुमार व उसकी पत्नी का मेरे अभिभाष्य की चल-अचल सम्पत्तियों एवं परिवार से किसी प्रकार का वास्ता नही है। योगेश कुमार की किसी भी प्रकार की लेनदारियों / देनदारियों से मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं है।
दिनांक-17/01/25 (अशोक देवानी) एडवोकेट मो.न.-9829064041

आम सूचना मेरे अभिभाष्य गोविन्द लाल जांगिड पुत्र श्री रामस्वरूप एवम् सुनीता पत्नि श्री गोविन्द निवासीगण बी-57, आशा विहार कॉलोनी, वार्ड नम्बर-50, रोपाड़ा, दांतली, जयपुर (राज.) - 303012, की पुत्री अंजना जांगिड पुत्री श्री गोविन्द निवासी बी-57, आशा विहार कॉलोनी, वार्ड नम्बर-50, रोपाड़ा, दांतली, जयपुर (राज)-303012, जो हमारे साथ नही रहती है तथा उसका व्यवहार हमारे प्रति अच्छा नहीं है इस कारण हम अपनी पुत्री अंजना जांगिड को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं यदि कोई व्यक्ति या संस्था इनसे किसी भी प्रकार का संव्यवहार करती है तो उसका मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पत्ति से कोई सम्बन्ध व सरोकार नही होगा एवम अंजना जांगिड से सम्व्यवहार करने वाला व्यक्ति तथा संस्थान स्वंय जिम्मेदार होगें। सूचित रहे।
जयपुर (गजेन्द्र सिंह) एडवोकेट
दिनांक :-17/01/2025 मो. 09413111288

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य वीरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री बृजमोहन शर्मा, निवासी खाता चौक, जोबनेर, जिला जयपुर का निवासी है, जो कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र शिवांश शर्मा पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने मेरे अभिभाष्य को समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से और पारिवारिक संबंधों से बेदखल किया जाता है क्योंकि मेरे अभिभाष्य का पुत्र शिवांश शर्मा मेरे अभिभाष्य के कहे अनुसार नहीं चलता है एवं आचरण भी गलत है तथा मेरे अभिभाष्य से काफी समय पूर्व अलग जगह निवास कर अपनी मर्जी से चलता है, मेरे अभिभाष्य के पुत्र शिवांश शर्मा की पूर्व की, वर्तमान की तथा भविष्य की देनदारी व लेनदारी की जिम्मेदारी स्वयं शिवांश शर्मा की होगी, मेरे अभिभाष्य का कोई लेना-देना नहीं होगा। सूचित रहे।
जयपुर (जगदीश कुमार वर्मा) एडवोकेट
दिनांक-16.01.2025 मो.9166829711

नगर निगम जयपुर, हैरिटेज
(पुराना पुलिस मुख्यालय, हवामहल के पास)
क्रमांक : एफ13 () उपा. हैरिटेजनिज./2025 / 2332 दिन